e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)......2047.......

प्रेषक,

कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
रोहतास (सासाराम)।

पटना, दिनांक 09/05/2025

विषय :– कैडेस्ट्रल/रिविजनल सर्वे खतियान की अनुपलब्धता की स्थिति में चक खतियान से प्रपत्र–5 संधारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विशेष सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति के समीक्षा के क्रम में आपके द्वारा बताया गया कि कतिपय राजस्व ग्रामों का रिविजनल खतियान अनुपलब्ध है तथा चक खतियान चकबन्दी कार्यालय में संधारित है। रिविजनल खतियान अनुपलब्धता की स्थिति में प्रपत्र–5 लेखन हेतु आपके द्वारा मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी।

उक्त के आलोक में स्पष्ट करना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत चक खतियान से प्रपत्र–5 संधारण किया जा सकता है। चुकि चक खतियान प्रपत्र–17 में तैयार किया जाता है। प्रपत्र–17 के प्रथम भाग पर पूर्व खतियान यथा–कैडेस्ट्रल/रिविजनल खतियान का उल्लेख अंकित रहता है।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली के नियम–9 का उप नियम–1 अन्तर्गत तैयार किये जाने वाले प्रपत्र–5 का संधारण हेतु कैडेस्ट्रल/रिविजनल खतियान की अनुपलब्धता की स्थिति में चक खतियान के प्रपत्र–17 के प्रथम भाग में उल्लेखित कैडेस्ट्रल/रिविजनल खतियान की सहायता से प्रपत्र–5 संधारित करने का निदेश सभी संबंधितों को दिया जाय।

विश्वासभाजन
7/5/25
(कमलेश कुमार सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)......2047......**पटना, दिनांक**:09/05/2025
प्रतिलिपि :– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार (रोहतास को छोड़कर)/सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुख्यालय, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/5/25
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)......2047......**पटना, दिनांक**:09/05/2025
प्रतिलिपि :– प्रमण्डल हेतु प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/5/25
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2025\Mayur\Director\file no-13_2024._part-II_05.05.2025.doc

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड) 2047 **पटना, दिनांक:** 09/05/2025

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/5/25

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड) 2047 **पटना, दिनांक:** 09/05/2025

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

7/5/25

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप